विजन डॉक्युमेंट 2047 की वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

# विकास के साथ विरासत पर होगा विशेष फोकस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**2047 तक** उत्तर प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हर क्षेत्र में लक्ष्य तय किए गए हैं। 'विजन डॉक्युमेंट 2047' के एक-दिवसीय ओरिएंटेशन वर्कशॉप में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित परिवार और विकसित गांव से विकसित भारत बनेगा। उन्होंने कहा कि इसमें सभी की अहम भूमिका है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि 2017 से पहले यूपी लॉ ऐंड ऑर्डर, बिजली समेत सभी आधारभूत जरूरतों के मामले में पीछे था। लेकिन आज प्रदेश में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर है। लोगों के अंदर आत्मविश्वास आया है कि यूपी अब चल पड़ा है। वर्कशॉप में प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार ने 2047 के लिए राज्य सरकार ने अलग-अलग क्षेत्रों में जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, उसके बारे में जानकारी दी। वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने विकास के साथ विरासत के माध्यम से इन लक्ष्यों पर फोकस करने का सुझाव दिया।

ओरिएंटेशन वर्कशॉप में आए अधिकारियों ने भी 2047 तक यूपी को विकसित राज्य बनाने और 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, अनुसंधान, संस्कृति और सामाजिक संरचना पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई।

**स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी प्रेरणा की आवश्यकता :** प्रफेसर विघ्नेश कुमार ने सुझाव दिया कि स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी गाथाओं को इस अभियान का हिस्सा बनाया जाए ताकि समाज में ऊर्जा और विरासत के सम्मान का मोमेंटम लगातार बना रहे। पूर्व अधिकारी डॉ. विजय सिंह निरंजन ने किसानों के हित में खाद्य का भंडारण सीधे उनके घर पर करने की व्यवस्था का सुझाव दिया। रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी रंजन द्विवेदी ने सुझाव दिया कि इस पूरे अभियान को क्षेत्रवार प्रस्तुत किया जाए और सोशल मीडिया के जरिए इसका प्रसार होना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें। रिटायर्ड आईएएस आनंद कुमार ने शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ट्यूशन कल्चर को कम करना होगा और स्कूलों में स्किल डिवेलपमेंट को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश में रिसर्च हब और रिसर्च सेंटर बनाने की आवश्यकता भी बताई।

## कई महत्वपूर्ण सुझाव भी मिले

■ ODOP पर फोकस करना। ■ एम्स की तरह प्राथमिक स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करना ■ बच्चों के स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, हर गांव में वॉटर एटीएम की स्थापना ■ आपदा राहत और थेट प्रोटेक्शन की योजनाएं ■ ग्रामीण क्षेत्रों में शराब के ठेकों पर नियंत्रण ■ जनता से संवाद के लिए अधिक समय उपलब्ध करवाना ■ 2047 विकसित यूपी अभियान में संस्कृति, समाज और परिवार को प्राथमिकता ■ पशु-पक्षियों के कल्याण को भी विकास योजना में शामिल करना ■ बजट का 5% हिस्सा रिसर्च के लिए निर्धारित करना ■ सामाजिक समरसता और क्षेत्रवार विकास को महत्व देना

केशव मौर्य ने विकसित गांव तो ब्रजेश पाठक ने बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में की बात